तापमान
अधिकतम 31. 5 डिग्री
न्यूनतम 13 .6 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026

12 मरकर भी अमर हो गईं 93 वर्षीय बचनी देवी



12 करवा चौथ पर योग के संग सेहत का संकल्प ले रहे



खबर संक्षेप

दिल्ली में होगी कांग्रेस की महारैलीः सैनी



रादौर। दिल्ली के रामलीला मैदान में एक नवंबर को आयोजित होने वाली महारैली को लेकर कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उत्साहित हैं। इस संबंध में कांग्रेस बीसी सैल के जिला अध्यक्ष विक्रम सैनी ने रादौर में बातचीत करते हुए महारैली के ऐतिहासिक होने का दावा जताया। कांग्रेस बीसी सैल के जिला अध्यक्ष विक्रम सैनी ने कहा कि महारैली के माध्यम से कांग्रेस मतदाता सूची की पारदर्शिता, निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया और लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी। कांग्रेस बीसी सैल के जिला अध्यक्ष विक्रम सैनी ने बताया कि राहुल गांधी लगातार चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और मतदाता अधिकारों से जुड़े सवाल उठा रहे हैं। निष्पक्ष चुनाव किसी भी मजबूत लोकतंत्र की बुनियाद हैं। उन्होंने दावा जताया कि एक नवंबर को दिल्ली रैली में रादौर से हजारों कार्यकर्ता भाग लेंगे।

राष्ट्रपति के दौरे को लेकर कुरुक्षेत्र में सुरक्षा कड़ी

कुरुक्षेत्र। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 1 नवंबर को गुरुकुल कुरुक्षेत्र और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में प्रस्तावित आगमन को लेकर जिला पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। वीवीआईपी सुरक्षा के साथ आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अलर्ट मोड पर है। पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन के मार्गदर्शन में जिलेभर में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की जा रही है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए अपराध अन्वेषण शाखा, जिला पुलिस और कमांडो दस्तों की टीमें सुरक्षा जांच में जुटी हैं। पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन ने सुरक्षा ड्यूटी में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरी सतर्कता के साथ जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए हैं।

होटल में छिपे पंजाब के दो नशा तस्कर गिरफ्तार

अंबाला। पुलिस द्वारा नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स सैल ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। जांच टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लाल कुर्ती चौकी क्षेत्र स्थित एक होटल में छिपे बैठे पंजाब के दो नशा तस्करों को काबू किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान हरकीरत सिंह और गुलजीत सिंह निवासी तरनतारन (पंजाब) के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 113 ग्राम हेरोइन, 1 इलेक्ट्रॉनिक कांटा, 3 मोबाइल फोन तथा 5,000 रुपये नकद राशि बरामद की गई है। पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना पड़ाव में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर लिया गया है।

युवक की हत्या के मामले में तीसरा आरोपी काबू

अंबाला। पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईए 1 की टीम ने गांव दुखेड़ी में हुई गोलीकांड की वारदात में संलिप्त तीसरे आरोपी विजय कुमार वासी गांव दुखेड़ी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में मुख्य आरोपी अंकित कुमार तथा आरोपी सचिन को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। मामले के अनुसार 17 जून 2026 को गांव दुखेड़ी में आरोपियों ने रंजिश के चलते केशव नामक युवक पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाई थी। इलाज के दौरान केशव की मृत्यु हो गई थी। वारदात के संबंध में थाना पड़ाव में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने तत्काल संज्ञान लेते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश जारी किए।

नगर निगम और बिजली विभाग की शिकायतों पर ऊर्जा मंत्री सख्त

1 साल से बिजली कनेक्शन नहीं मिलने पर भड़के विज, अधिकारी को अल्टीमेटम

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने वीरवार को अंबाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में लोगों की समस्याओं को सुनकर कार्रवाई के आदेश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। लोगों की शिकायतें सुनते मंत्री अनिल विज फोटो : हरिभूमि

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने वीरवार को अंबाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में लोगों की समस्याओं को सुनकर कार्रवाई के आदेश दिए। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान अंबाला छावनी के उपस्थित संबंधित अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देश देते हुए कहा कि जो भी समस्या के निदान के लिए मेरे द्वारा कहा जाए जो उसका समाधान एक सप्ताह अर्थात सात दिनों के भीतर हो जाना चाहिए। सुनवाई के दौरान सिटी सेंटर में अवैध बिजली कनेक्शन के संबंध में एक व्यक्ति ने गुहार लगाई कि भूमि नगर निगम की है। यहां पर अवैध बिजली का कनेक्शन लगाया गया है। व्यक्ति ने बताया कि सिटी सेंटर का कनेक्शन चार किलोमीटर दूर मॉडल टाउन की फ्रेंडस कालोनी में एक मकान के नाम पर लिया गया है। व्यक्ति ने बताया कि वर्ष 1960 की जमाबंदी की कापी भी वह साथ लेकर आया है। बताया कि 1963 का नक्शा भी उसने दिखाया और बताया कि पहले यह जमीन पंचायत की थी। बाद में नगर निगम के नाम हो गई। व्यक्ति ने बताया कि सिटी सेंटर के संबंध में लोकायुक्त कोर्ट में भी एक मामला चल रहा है। इसके अलावा, व्यक्ति ने बताया कि नगर निगम द्वारा एक फर्जी एनडीसी दी गई है। इस प्रकार से यह जमीन सरकारी जमीन है और सरकारी जमीन पर किस प्रकार से बिजली का अवैध कनेक्शन दिया गया।

मेडिकल बिलों के निपटान के दिए आदेश

हरियाणा रोडवेज से सेवानिवृत हुए के मेडिकल बिलों की राशि जानकारी के संबंध में कहा कि मैंने परिवहन विभाग को आदेश दिए है कि इस प्रकार के सभी मामलों का निपटान जल्द से जल्द से किया जाए। रोडवेज कर्मी के मेडिकल बिलों की अदायगी अगले एक सप्ताह में करने के लिए निर्देश उनके द्वारा संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इसी प्रकार, इंतकाल के लिए आई एक महिला की समस्या का निदान करने के लिए उन्होंने एसडीएम को निर्देश दिए विज ने नगर परिषद के अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे मालूम है कि वहां क्या होता है। वार्ड नंबर 15 से आए एक फरियादी ने कहा कि उसकी पांच साल पुराने आवेदन पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है जिस पर विज ने कहा कि "मैं ऐसे दोषी कर्मी को छोड़ूंगा नहीं" और संबंधित को एक सप्ताह में कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बिजली बिल शिकायतों पर अधिकारियों को फटकार

बिजली के बिलों से संबंधित आई हुई शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मंत्री ने अधिकारियों को लताड़ लगाते हुए कहा कि केवल एक सप्ताह में कार्रवाई करके फरियादी को जानकारी दो। अगली जनसुनवाई में वह फरियादी उपस्थित नहीं होना चाहिए। इसी प्रकार, श्रम विभाग, बिजली के खंभों को लगाने व हटवाने, सब स्टेशन की तारों को ले जाने के लिए विकल्प तलाशने, चेन की छीनाछपटी, सोलर मीटर की अनुपलब्धता होने की शिकायत इत्यादि के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इसी प्रकार, पुलिस की जांच विभिन्न मामलों में तेजी लाने व अपराधियों की जानकारी सांझा करने के लिए उन्होंने पुलिस अधीक्षक को निर्देश भी दिए।

सप्ताह में वेतन जारी करने के निर्देश

ईएसआई में कार्यरत एएनएम का वेतन दिए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह में वेतन जारी करने के निर्देश दिए। एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में बताया कि नगर निगम आयुक्त, अंबाला के विरूद्ध आरोप लगाए कि एनडीसी के नाम पर कमाई की जा रही है और अंबाला में भ्रष्टाचार की जड दीमक की तरह नहीं बल्कि कोरोना की तरह है। मैं चाहता हूं कि नगर निगम आयुक्त को पब्लिक डीलिंग से हटा दिया जाए। इस शिकायत पर संज्ञान लेते हुए विज ने मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि इस मामले में एक कमेटी बनाकर जांच करवाई जाए।

7 दिनों के भीतर कार्रवाई के निर्देश

टोहाना के गांव समैण से एक व्यक्ति ने बताया कि एक पिछले एक साल से उसका बिजली का मीटर नहीं लगाया गया है, जिस पर विज ने नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधीक्षक अभियंता को फटकार लगाते हुए कहा कि जब किसी उपभोक्ता ने बिजली कनेक्शन लेने के लिए एस्टीमेट जमा करवा दिया है तो उसे 12 महीनों से बिजली का कनेक्शन क्यों नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, उन्होंने तुरंत ही फतेहाबाद के अधीक्षक अभियंता को निर्देश दिए कि अगर आपसे कार्य नहीं होता है, तो मैं किसी ओर को आपकी कुर्सी पर बैठा देता हूं। उन्होंने कहा कि "मुझे 7 दिनों के भीतर कार्रवाई करके दो, अन्यथा मैं कार्रवाई करुंगा। उसके बाद उनके द्वारा इस मामले में कार्रवाई की जाएगी। विज ने आवेदन सहित दिए गए दस्तावेजों पर तुरंत ही उपायुक्त को निर्देश दिए कि एक कमेटी बनाकर इस मामले की पूरी जांच की जाए। इस फरियाद को सुनने के उपरांत विज ने कहा कि सभी प्रकार के दस्तावेज लगाकर एक आवेदन के साथ दे दें। इसी प्रकार कलरहेडी से पंजोखरा साहिब तक और तोपखाना से पंजोखरा साहिब तक की स्ट्रीट लाइटों के बंद होने की समस्या को मंत्री के सम्मुख रखा गया।

कुरुक्षेत्र हत्याकांड के 4 दोषियों 30 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़

- हाई कोर्ट ने कहा- हर सुबह पछताने का मौका मिले, चिकित्सक की पत्नी की हत्या और घर में लूटपाट का मामला

किसी अपराधी को उसके किए की सजा देना जरूरी है, लेकिन क्या न्याय का अर्थ केवल उसकी जिंदगी समाप्त कर देना है? क्या दशकों तक जेल में रखकर उसे अपने अपराध पर पछताने का अवसर देना कम कठोर सजा है? कुरुक्षेत्र में चिकित्सक डा अतुल अरोड़ा की पत्नी वनिता अरोड़ा की हत्या और घर में लूटपाट के मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने इन्हीं सवालों के बीच अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने चार दोषियों की फांसी की सजा को बदलते हुए उन्हें बिना किसी छूट के कम से कम 30 साल जेल में रखने का आदेश दिया। वहीं, मामले में आरोपित पूर्व घरेलू सहायिका पूनम को बरी कर दिया। अदालत ने स्पष्ट किया कि अपराध की गंभीरता के साथ दोषियों के सुधार की संभावना पर भी विचार करना जरूरी है। जस्टिस विनोद एस भारद्वाज और जस्टिस रविंदर मलिक की खंडपीठ ने अपने फैसले में कहा कि यह अपराध गंभीर है और समाज की अंतरात्मा को झकझोरने वाला है। महिला की उसके घर में सुनियोजित साजिश के तहत हत्या की गई। कुछ दोषियों के आपराधिक इतिहास को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। ऐसे में किसी भी प्रकार की ऐसी नरमी नहीं बरती जा सकती, जिससे पीड़ित परिवार के नुकसान की गंभीरता कम हो।

हालांकि, अदालत ने यह भी कहा कि उपलब्ध साक्ष्यों से यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि दोषी सुधार के योग्य नहीं हैं या समाज में दोबारा लौटने की उनकी कोई संभावना नहीं है। दोषियों की उम्र, सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि और जेल में उनके आचरण जैसे पहलुओं पर भी विचार किया गया। खंडपीठ ने टिप्पणी की कि दशकों तक कारावास में रहते हुए हर सुबह अपने किए पर विचार और पछतावा करने का अवसर देना भी कम सजा नहीं है। कानून को पीड़ित परिवार के नुकसान का जवाब देने के लिए दोषियों की जिंदगी समाप्त करना जरूरी नहीं, बल्कि उन्हें उनके अपराध के लिए लंबे समय तक कारावास में रखना भी न्याय का उद्देश्य पूरा कर सकता है। इसी आधार पर अदालत ने मृत्युदंड को 30 साल के कारावास में बदल दिया, जिसमें कोई छूट नहीं मिलेगी।

निचली अदालत ने सुनाई थी फांसी की सजा

कुरुक्षेत्र में नौ जनवरी, 2023 को दर्ज मामले में निचली अदालत ने पिछले साल सुनील कुमार, मनीष कुमार, विक्रमजीत उर्फ बिट्टू, विक्रम उर्फ विक्की और पूनम को दोषी ठहराते हुए मृत्युदंड सुनाया था। हाईकोर्ट ने चारों पुरुष दोषियों की सजा बदलकर हत्या के अपराध में न्यूनतम 30 साल बिना छूट के कारावास का आदेश दिया। पूनम को बरी कर दिया गया, जबकि केत राम को बरी करने के निचली अदालत के फैसले में हस्तक्षेप नहीं किया गया। अदालत ने सभी सजाएं साथ-साथ चलाने का भी निर्देश दिया।

जमीन विवाद में रिटायर्ड बीएसएनएल कर्मचारी हत्याकांड में तीन और काबू

करनाल। गांव रिंडल में जमीन विवाद को लेकर रिटायर्ड बीएसएनएल कर्मचारी रामेश्वर (65) की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान मोहित कुमार, प्रदीप कुमार और मोहित के रूप में बताई गई है। पुलिस आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लेगी, ताकि वारदात में इस्तेमाल हथियार बरामद किए जा सकें। मामले में पुलिस पहले भी दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। जांच के अनुसार, 11 अक्टूबर को जमीन विवाद के चलते रामेश्वर और उनके बेटे ओमदत्त पर हमला किया गया था। आरोप है कि खेत में कंबाइन मशीन से फसल काटने पहुंचे लोगों ने उन पर कुल्हाड़ी, फरसे, लाठी और डंडों से हमला किया। उपचार के दौरान रामेश्वर की मौत हो गई, जबकि ओमदत्त गंभीर रूप से घायल हो गए। परिवार के अनुसार, करीब साढ़े 10 किले जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



काम दिलाने के बहाने ले जाने व युवक की मौत में तीन पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

युवक वसीम की मौत के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मृतक की मां जमीला ने अपने बेटे की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई थी। शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया कि उनके बेटे को काम दिलाने के बहाने अपने साथ ले जाया गया और बाद में उसकी करंट लगने से मौत हो गई। मुरादाबाद जिले के बिलारी थाना क्षेत्र के गांव पीपली चक की जमीला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका बेटा वसीम लकड़ी का कुशल कारीगर था। शिकायत के अनुसार, गांव पीपलया में रहने के दौरान उनके बेटे को गांव के साहिल, अमरमान और नसीम अच्छी मजदूरी पर काम दिलाने का लालच देकर अपने साथ ले गए थे। जमीला ने आरोप लगाया कि आरोपितों ने पहले उनके बेटे को दिल्ली ले जाने की बात कही और बाद में उसे साहा थाना क्षेत्र में ले आए। शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया कि 14 अगस्त 2026 की रात करीब 10 बजे उनके बेटे की करंट लगाकर हत्या कर दी गई। इसके बाद उन्हें फोन पर वसीम की करंट लगने से मौत होने की सूचना दी गई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि जब वह अपने पूर्व पति महबूब अली के साथ अस्पताल पहुंचीं तो उनका बेटा पोस्टमार्टम कक्ष में मृत अवस्था में पड़ा था।

ठगों के जाल में फंसा, 2.5 लाख की एफडीआर तुड़वाकर भेजी राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

शहर के बादशाही बाग के बुजुर्ग दंपती साइबर ठगों के जाल में फंस गए। विदेश से पैसा भेजने, मुंबई फॉरेन एक्सचेंज में रकम अटके होने और दोस्त की बीमार पत्नी के इलाज के नाम पर ठगों ने 2,50,000 रुपये ठग लिए। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में बादशाही बाग के करनैल सिंह ने बताया कि 16 जुलाई को उनकी पत्नी दलजीत कौर के मोबाइल पर एक नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को प्रेम नगर, सिटी निवासी हन्नी बताया और करनैल सिंह का व्हाट्सएप नंबर ले लिया। इसके बाद आरोपी ने झांसा दिया कि वह विदेश से भारत पैसा भेज रहा है। थोड़ी देर बाद आरोपी ने पीड़ित की पत्नी के खाते में 26.15 लाख रुपये ट्रांसफर करने का फर्जी स्क्रीन शॉट व्हाट्सएप पर भेज दिया। स्क्रीन शॉट भेजने के बाद आरोपी ने कहा कि मुंबई फॉरेन एक्सचेंज से फोन आएगा। इसके कुछ ही देर बाद पीड़ित के पास व्हाट्सएप कॉल आई। इसमें फोन करने वाले ने खुद को पंजाब नेशनल बैंक एक्सचेंज शाखा (बॉम्बे) का अधिकारी अशोक वर्मा बताया। उसने कहा कि रकम भारतीय मुद्रा में ट्रांसफर की जा रही है और इसके साथ एक मेडिकल सर्टिफिकेट लगा हुआ है। इसके बाद मुख्य आरोपी ने दोबारा फोन कर कहा कि उसके अमेरिका वाले दोस्त की पत्नी बेहद बीमार है और दिल्ली के अस्पताल में भर्ती है।

नहर में डूब रही महिला को बचाने वाले तीन पुलिसकर्मियों को एसपी ने किया सम्मानित

करनाल। पश्चिमी यमुना नहर में डूब रही महिला को सुरक्षित बाहर निकालकर उसकी जान बचाने वाले डायल-112 की ईआरवी-429 पर तैनात तीन पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक करनाल करन गोयल, आईपीएस ने प्रशंसा प्रमाण पत्र श्रेणी-तीन और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सम्मानित कर्मचारियों में ईएसआई दिलबाग सिंह, एसपीओ कृष्ण कुमार और एसपीओ पवन कुमार शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, 23 अक्तूबर 2026 की सुबह कैथल रोड स्थित पश्चिमी यमुना नहर में एक महिला के डूबने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही ईआरवी-429 की टीम ने तत्परता से कार्रवाई की। ईआरवी प्रभारी ईएसआई दिलबाग सिंह के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने बचाव अभियान चलाकर महिला को सुरक्षित बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।



फर्जी आधार कार्ड व आरसी से जमानत लेने पर दो गिरफ्तार

करनाल। पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अदालत में जमानत कराने के दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक आरोपी के कब्जे से आठ फर्जी आधार कार्ड और दो आरसी दस्तावेज बरामद किए हैं। दोनों मामलों की जांच सेक्टर-13 पुलिस चौकी की टीम कर रही है। पुलिस के अनुसार, पहले मामले में गांव रांवर निवासी बलवान सिंह को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से फर्जी आधार कार्ड और आरसी दस्तावेज बरामद हुए। दूसरे मामले में गांव गंगाटेहड़ी निवासी अंकित पुत्र महेंद्र सिंह को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया गया।

दो मोटर चोरी का आरोपी गिरफ्तार

करनाल। तरावड़ी क्षेत्र में महेश राइस मिल से बिजली की दो मोटर चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव पाखाना निवासी दीपक के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी की दोनों बिजली मोटर बरामद कर ली हैं। पुलिस के अनुसार, चोरी की शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच की गई और आरोपी को गिरफ्तार किया।

सड़क के बीच खड़ी ट्रैक्टर ट्राली के साथ हुई टक्कर, पंजाब के 23 वर्षीय युवक की मौत

पिहोवा। बुआ से मिलने आए 23 साल के युवक की पटियाला रोड पर कलसा गांव के पास सड़क हादसे में मौत हो गई। युवक अपने पिता के साथ घर लौटने की तैयारी में था। युवक अपने पिता को कंबाइन मालिक के घर बाइक खड़ी करने की बात कहकर घर से निकला था। मृतक की पहचान पंजाब के पटियाला जिले के अलीपुर शेखा के गुरजिंद्र सिंह के रूप में हुई है। मनजीत सिंह ने बताया कि उनकी बहन हरजीत कौर की शादी कलसा में हुई है। वह कल अपनी बहन से मिलने आए थे। उसका बेटा गुरजिंद्र सिंह भी बाइक पर बुआ के घर पहुंचा था। शाम को घर लौटते समय गुरजिंद्र ने अपनी बाइक कंबाइन मालिक के घर खड़ी करने की बात कही। रात करीब 7 बजे गुरजिंद्र की बाइक सड़क के बीच खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई। टक्कर लगने से गुरजिंद्र के सिर, मुंह और नाक पर गंभीर चोटें आईं। उसके शरीर से काफी खून बहने लगा। उसने कार से बेटे को प्राइवेट अस्पताल पिहोवा पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद बेटे को मृत घोषित कर दिया।

बाइक चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

करनाल। इंद्री थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव धनोरा जागीर निवासी इंतजार के रूप में हुई है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। पुलिस के अनुसार, मामले में शिकायत मिलने के बाद जांच शुरू की गई थी। कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जिला जेल भेज दिया गया।

किशोर के ऊपर गिरा बिजली का तार, मौत

पानीपत। पानीपत जिले के गांव डाहर में आज गुरुवार को बारिश के दौरान बिजली की लाइन का तार टूटकर 11 वर्षीय पंकज पुत्र राम अवतार मूल निवासी गांव बरगदा जिला पीलीभीत, उत्तर प्रदेश पर गिर गया। हादसे में पंकज गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे उपचार के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल ले गए जहां मेडिकल जांच के बाद चिकित्सकों ने पंकज को मृत घोषित कर दिया। हादसा गांव इसराना में हाईवे की सर्विस लेन पर हुआ। पुलिस ने जांच के बाद पंकज के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया। पंकज के पिता राम अवतार अपने परिवार के साथ गांव डाहर में रह रहे है और पास ही स्थित फैक्टरी में मजदूरी करते है।

सरकारी एजेंसियां समय पर नहीं कर रही धान का उठान, जताया रोष

घरौंडा मंडी में बेमौसमी बारिश से भीगा धान, किसान परेशान

5.99 लाख क्विंटल धान की आवक, सरकारी एजेंसियों ने खरीदा 4.36 लाख क्विंटल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



पानीपत। अनाज मंडी में बारिश में भीगती धान की फसल।

करनाल जिले की घरौंडा नई अनाज मंडी में धान का उठान धीमा होने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। गुरुवार को बारिश के कारण खुले में पड़ी धान की बोरियां फिर भीग गईं। किसानों का कहना है कि यदि समय पर उठान होता तो फसल को बारिश से बचाया जा सकता था। उन्होंने आरोप लगाया कि इस बार मंडी में जिले की ही धान पहुंचने के बावजूद सरकारी एजेंसियां समय पर उठान नहीं कर पा रही हैं। इससे किसानों में रोष है और फसल खराब होने का खतरा बढ़ गया है। मार्केट कमेटी कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार, 1 अक्तूबर से 29 अक्तूबर सुबह 10:30 बजे तक मंडी में करीब 5.99 लाख क्विंटल धान की आवक हुई। इसमें से सरकारी एजेंसियों ने 4,36,219 क्विंटल और निजी खरीदारों ने 71,694 क्विंटल धान खरीदी। वहीं, 91,838 क्विंटल धान की खरीद अभी बाकी है। उठान के आंकड़ों के मुताबिक, सरकारी एजेंसियां अब तक 2,91,849 क्विंटल धान ही मंडी से उठा पाई हैं। सरकारी खरीद की 1,44,370 क्विंटल धान अभी भी मंडी में पड़ी है। सरकारी एजेंसियों की ओर से खरीदी गई धान का करीब 67 प्रतिशत ही उठान हुआ है। ऐसे में बड़ी मात्रा में धान खुले आसमान के नीचे पड़ी है और बारिश से नुकसान की आशंका बनी हुई है। निजी खरीदारों ने अपनी खरीदी गई धान का करीब 97 प्रतिशत उठान कर लिया है।

बेमौसमी वर्षा से मंडियों में धान भीगा, किसान परेशान, जनजीवन प्रभावित, तापमान में गिरावट

पानीपत। बेमौसमी बारिश ने एक बार फिर किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बृहस्पतिवार को दिनभर रुक-रुककर हुई बारिश और बूंदाबांदी से जहां मौसम में ठंडक बढ़ गई, वहीं खेतों में धान की कटाई और झड़ाई का काम भी प्रभावित हुआ। बारिश के कारण किसानों को फसल समेटने में परेशानी का सामना करना पड़ा। दूसरी ओर, अनाज मंडियों में खुले में रखे धान के ढेर भी बारिश की चपेट में आ गए। किसानों ने अपनी फसल को भीगने से बचाने के लिए तिरपाल डालकर ढकने का प्रयास किया। शहर की कई सडकों पर पानी भरने से आवागमन भी प्रभावित हुआ। वहीं, मौसम में आए अचानक बदलाव का असर तापमान पर भी देखने को मिला। अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 25 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों तक बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। ऐसे में किसानों की चिंता और बढ़ गई है, क्योंकि खेतों में खड़ी फसल और मंडियों में पहुंच चुकी उपज दोनों पर मौसम की मार पडने का खतरा बना हुआ है।

दिनभर रखा उपवास, शाम को चांद का दीदार कर पूरा किया व्रत

सोलह श्रृंगार कर सुहागिनों ने मनाया करवाचौथ, मांगी पति की लंबी उम्र

उपवास के दौरान महिलाओं ने करवाचौथ की कथा का भी किया श्रवण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

सुहागिनों की आस्था का प्रतीक करवाचौथ पर्व वीरवार को जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया। पर्व के मौके पर सुहागिनों ने अपने पतियों की लंबी आयु को लेकर सोलह श्रृंगार कर दिन भर उपवास रखा। इस दौरान सुहागिनों ने करवा चौथ की कथा का श्रवण किया। देर शाम चांद के दीदार कर सुहागिनों ने अपने पतियों के दर्शन कर उपवास खोला। इससे पहले दिन भर सुहागिनों में एक दूसरे से अच्छी दिखने की होड़ लगी रही। खास बात तो यह रही कि बहु से अधिक सुंदर दिखने के लिए अधिकांश सास भी दिन भर संजने संवरने में लगी रही।



यमुनानगर। करवाचौथ पर्व के मौके पर पतियों की दीर्घायु की कामना को लेकर पूजा-अर्चना करतीं सुहागिनें। फोटो : हरिभूमि

महिलाओं के लिए खास है करवाचौथ

शहर के माडल टाउन निवासी निशा, बबली, गीता, मनीषा व कैंप निवासी सुनीता, सोनिया व बिमलेश आदि का कहना है कि करवाचौथ, सुहागिनों के लिए सबसे खास दिन है। इस पर्व को लेकर महिलाएं कई-कई दिन पहले मेहंदी लगाना और अन्य श्रृंगार का सामान खरीदना शुरु कर देती हैं। करवा चौथ पर्व के अवसर पर महिलाएं अपने को दूसरों से अलग दिखाने के लिए खास मेहनत करती हैं। महिलाओं में इस बात को लेकर होड़ रहती है कि दूसरे से अच्छा कैसे दिखा जाए चाहे इसके लिए कितना भी खर्च क्यों न करना पड़े। खास बात तो यह है कि महिलाओं में यदि नवविवाहितों की बात की जाए तो उनमें कुछ नया ही जोश होता है। नए-नए तरह के मेकअप व अन्य श्रृंगार के सामान से खुद को सजाना काफी अच्छा लगता है।

ऑनलाइन पति के दर्शन कर तोड़ा व्रत

शहर के आजाद नगर निवासी कांति, नेहा, ममता व सोनिया ने बताया कि उनके पति विदेश गए हुए हैं। इसलिए उन्होंने इंटरनेट के माध्यम से उनसे बातचीत की और व्रत के बारे में बताया। व्हाटसएप पर वीडियो कॉल करके उन्होंने अपने पतियों के दर्शन किए और उपवास खोला।

करवाचौथ पर्व का अलग ही है क्रेज

नवविवाहिता अनु, सुरेखा व प्रीति ने बताया कि उनका पहला करवाचौथ है तथा इस दिन व्रत रखना उन्हें अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा कि यह व्रत अपने पति की लंबी आयु के लिए है। इसलिए इसका अपना ही क्रेज है। वहीं स्वयं को सजाने-संवारने में जुटी सुरभी, रजनी व लवली ने बताया कि यही मौका होता है जब हम अपने को सजाने का हर शौक पूरा करती हैं।

सप्ताहभर लगी रही सजने-संवरने की होड़

करवाचौथ के पर्व को लेकर हर सुहागिन की एक ही चाह होती है कि वह दूसरों से कुछ अलग दिखाई दे। सप्ताह भर से महिलाओं में सजने संवरने की होड़ सी लगी हुई थी। यहां तक कि सास बहू से और बहू सास से अधिक सुंदर दिखने का प्रयास करती रही। अपने साजन के प्रति आंखों में हजारों सपने होठों पर सलामति के मंगल गीत गाए और पर्व को सुहागिनों ने एक उत्सव की भांति मनाया।

विद्यार्थियों ने कागज से छलनी बनाकर किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

रादौर। संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल हरनौल व सुरेंद्रा हाई स्कूलए कैंप में करवाचौथ पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक रणधीर सिंह चौधरी व प्रधानाचार्या सोनिया चानना ने किया। चानना ने बताया कि कार्यक्रम में नर्सरी कक्षा के विद्यार्थियों ने थंब पेंटिंग, एलकेजी के विद्यार्थियों ने करवाचौथ पेपर पॉट को सजाने की गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यूकेजी के विद्यार्थियों ने मून एवं स्टार हैंगिंग बनाने की गतिविधि में भाग लिया। पहली व दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों ने करवाचौथ की थाली सजाई। तीसरी व चौथी कक्षा के विद्यार्थियों ने कागज से छलनी बनाने की गतिविधि में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पांचवी कक्षा के विद्यार्थियों ने मिट्टी से करवाचौथ का करवा बनाया। छठी के विद्यार्थियों ने बेकार सामग्री का उपयोग करके आकर्षक दीया स्टैंड तैयार किए। सातवीं से दसवीं कक्षा की छात्राओं के लिए मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सातवीं व आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने बैंगल डेकोरेशन एवं टी.लाइट होल्डर बनाने की गतिविधि में भाग लिया। नौवीं व दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने मोर की आकृति वाली हैंगिंग तथा पेपर प्लेट सजावट की गतिविधियों में भाग लिया। इस अवसर पर सुरेश चानना, राजविंदर कौर व मोहित बलियान आदि मौजूद रहे।





कॉमनवेल्थ गेम्स विलेज में पदक हासिल कर किया स्कूल का नाम रोशन

रादौर। डीएवी पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने डीएवी नेशनल गेम्स में विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। नई दिल्ली स्थित कॉमनवेल्थ गेम्स विलेज में आयोजित इन खेलों में विद्यालय के खिलाड़ियों ने ऊंची कूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमन कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यालय के छात्र प्रभजोत ने अंडर-17 वर्ग की ऊंची कूद स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर प्रतिभा का लोहा मनवाया। उल्लेखनीय है कि प्रभजोत ने गत वर्ष भी राँची में आयोजित नेशनल गेम्स में ऊंची कूद स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया था। विद्यालय की छात्रा सानिया ने अंडर-19 वर्ग की ऊंची कूद स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय के प्रांगण में पहुंचने पर दोनों का भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने विद्यालय के शारीरिक शिक्षा शिक्षकों गौरव धीमान, मुकेश एवं अमिता को भी बधाई देते हुए कहा कि खिलाड़ियों की इस सफलता में शिक्षकों के मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और निरंतर प्रोत्साहन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

पीएम श्री विद्यालयों को जारी अनुदान का समयबद्ध तरीके से करें उपयोग : संधावा

- पीएम श्री स्कूलों के प्राचार्यों की आयोजित हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

समग्र शिक्षा अभियान यमुनानगर के तत्वावधान में जिले के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जगाधरी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला परियोजना अधिकारी केएस संधावा ने की। उन्होंने बैठक में जिले के पीएम श्री विद्यालयों को विभाग की ओर से जारी अनुदान राशि की समीक्षा की।

जिला परियोजना अधिकारी केएस संधावा ने बताया कि जिला में कुल 14 पीएम श्री विद्यालय संचालित हैं। वर्तमान शैक्षणिक सत्र में समग्र शिक्षा अभियान की ओर से प्रत्येक पीएम श्री विद्यालय को लगभग नौ लाख रुपये की ग्रांट जारी की गई है। इस प्रकार सभी विद्यालयों को विभिन्न शैक्षणिक, विकासात्मक एवं आधारभूत सुविधाओं से संबंधित गतिविधियों के संचालन के लिए अनुदान उपलब्ध करवाया गया है। उन्होंने बताया कि जारी ग्रांट के माध्यम से विद्यालयों में विभिन्न विकासात्मक गतिविधियां संचालित की जानी हैं। इनमें नेशनल स्किल्स क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क के अंतर्गत गेस्ट लेक्चर आयोजित करना, आवश्यक टूल्स एवं उपकरणों की खरीद, आधारभूत सुविधाओं का विकास, विद्यार्थियों के लिए ट्विनिंग विजिट कार्यक्रम, विद्यालयों में बागवानी, प्रांगण की स्वच्छता, छोटे मोटे मरम्मत एवं रखरखाव के कार्य, विद्यालयों का सौंदर्यीकरण तथा अन्य निर्धारित गतिविधियां शामिल हैं।



यमुनानगर। विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक में भाग लेने के दौरान बातचीत करते हुए जिला परियोजना अधिकारी केएस संधावा। फोटो : हरिभूमि

निर्देशों का करें पालन

इन कार्यों का उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध करवाना और विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आवश्यक सुविधाओं को मजबूत करना है। उन्होंने सभी पीएम श्री विद्यालयों के प्राचार्यों को स्पष्ट निर्देश दिए कि समग्र शिक्षा अभियान एवं विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन करते हुए ग्रांट का उपयोग निर्धारित नियमों के अनुसार और तय समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। संधावा ने कहा कि अनुदान राशि का उपयोग केवल स्वीकृत उद्देश्यों एवं निर्धारित मदों में ही किया जाना चाहिए। ग्रांट के उपयोग में किसी भी प्रकार की अनियमितता, लापरवाही अथवा निर्देशों की अवहेलना पाए जाने पर संबंधित विद्यालय मुखिया की जिम्मेदारी निर्धारित की जाएगी। इस अवसर पर समग्र शिक्षा अभियान के एपीसी डॉ. धर्मवीर आदि मौजूद रहे।

शहीद हुए कर्मचारी समाज और पुलिस विभाग की गौरवपूर्ण धरोहर: पुलिस अधीक्षक गोयल

- डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में शहीदों के सम्मान में कराई गई पेंटिंग प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहीदों के सम्मान में डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगित का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा के माध्यम से शहीदों के प्रति सम्मान, श्रद्धा और देशभक्ति की भावना को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



यमुनानगर। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में शहीदों के सम्मान में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में स्टाफ सदस्यों के साथ अपनी पेंटिंग दिखाते बच्चे।

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि कहा कि शहीद पुलिसकर्मी हमारे समाज और पुलिस विभाग की गौरवपूर्ण धरोहर हैं। देश और समाज की सुरक्षा के लिए उनके द्वारा दिया गया बलिदान सदैव याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों ने अपनी ड्यूटी निभाते हुए अदम्य साहस, निष्ठा और वीरता का परिचय दिया है। उनका समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में देशभक्ति, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र के प्रति सम्मान की भावना विकसित होती है। शहीदों की वीरता और त्याग की कहानियां युवाओं को अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक करती हैं। उन्होंने कहा कि शहीद पुलिस कर्मियों की कुर्बानी केवल पुलिस विभाग के लिए ही नहीं है। बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में स्कूल के प्रिंसिपल होशियार सिंह व वेलफेयर निरीक्षक कुसुम बाला आदि मौजूद रहे।



हरियाणा लोकसेवा आयोग के चेयरमैन सतीश सैनी की नियुक्ति पर दी बधाई

रादौर। हरियाणा लोक सेवा आयोग के चेयरमैन पद पर सतीश कुमार सैनी की नियुक्ति पर सैनी समाज में खुशी का माहौल है। सैनी समाज रादौर के प्रधान संदीप सैनी ने नवनियुक्त चेयरमैन को बुके भेंटकर बधाई दी।

संदीप सैनी ने कहा कि सतीश कुमार सैनी का हरियाणा लोक सेवा आयोग के चेयरमैन पद पर नियुक्त होना गौरव का विषय है। संदीप सैनी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि सतीश कुमार सैनी अपने नए दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन करें और हरियाणा प्रदेश की उन्नति एवं विकास में महत्वपूर्ण योगदान दें। मौके पर श्याम सैनी, संजय सैनी, जगन चौहान, सोनू सैनी, सुशील सैनी आदि मौजूद थे।

दीपावली के नजदीक आते ही उमड़ने लगी खरीदारों की भीड़

त्योहारी सीजन में बाजारों में रौनक, दुकानदारों के चेहरे खिले

कारोबारियों में खुशी की लहर रेहड़ी वालों की भी बढ़ी बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

त्योहारों का आगमन शुरु होते ही ट्विन सिटी के बाजार सजने लगे हैं। दुकानदारों ने जहां दुकानों को आकर्षक रुप से सजाना शुरू कर दिया है। वहीं, दुकानों के समक्ष रेहड़ियों पर भी आकर्षक रुप से विभिन्न प्रकार का सामान सजा दिया गया है। त्योहारी सीजन में पिछले कई दिन से बाजारों में ग्राहकों की भी आवाजाही बढ़ गई है। जिससे दुकानदार खुश दिखाई दे रहे हैं।



यमुनानगर। बाजार में दुकानों के आगे रेहड़ी पर सजाया गया सामान। फोटो : हरिभूमि

अच्छी आमदनी की उम्मीद

शहर के दुकानदार विशाल कुमार, रोहित, संजय व अमित आदि ने बताया कि अक्तूबर और नवंबर माह में हिंदुओं के दीपावली समेत कई पवित्र त्योहार हैं। जिनमें उन्हें अच्छी आमदनी होने की उम्मीद है। इन त्योहारों पर अच्छी आय होने की उम्मीद लेकर उन्होंने अपनी दुकानों पर गिफ्ट, खिलौने व अन्य साज सज्जा का सामान सजा दिया है। पिछले कई दिन से ग्राहकी भी बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि यदि सब कुछ ठीक रहा तो उन्हें इस बार त्योहारों पर उनकी दुकानों पर अच्छी ग्राहकी होने की उम्मीद है।

इन बाजारों में सजने लगी दुकानें

ट्विन सिटी के रेलवे स्टेशन मार्ग, जगाधरी वर्कशॉप मार्ग, मीना बाजार, न्यू मार्केट, छोटी लाइन, जगाधरी के खेड़ा बाजार, बर्तन बाजार, पत्थर वाला बाजार समेत अन्य बाजारों में दुकानें आकर्षक रुप से सजने लगी हैं। इन दुकानों में खिलौने, साज सज्जा का सामान, गिफ्ट, आर्टीफिशियल फ्लावर, पूजा का सामान व अन्य त्योहारों में प्रयोग होने वाले सामान को सजाना शुरु कर दिया है।

न्यूज डायरी



भव्य रूप से लगेगा श्रीकपालमोचन मेला

यमुनानगर। उत्तर भारत के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल कपाल मोचन मेले के शुरू होने में तीन सप्ताह का समय शेष है। मेले के लिए प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। तीर्थ स्थल स्थित सरोवरों व मंदिरों को आकर्षक रुप से सजाया जा रहा है। उक्त जानकारी मेला प्रशासक एवं एसडीएम व्यासपुर डॉ. कुलदीप सिंह ने दी जानकारी। उन्होंने बताया कि श्रीकपालमोचन मेले के लिए श्रद्धालुओं के भव्य रुप से इंतजाम किए जा रहे हैं।



असहाय व गरीब की सेवा सबसे बड़ा पुण्यः शास्त्री

यमुनानगर। श्री कृष्ण सेवा मंडल के तत्वावधान में जगाधरी में वीरवार को कार्तिक मास की कथा का आयोजन किया गया। कथाव्यास स्वामी दिनेश शास्त्री ने श्रद्धालुओं को कार्तिक माह में दानकर्म करने और गरीब व असहाय की सेवा करने का महत्व समझाया। मौके पर भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया। कथा के समापन पर हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। कथाव्यास ने श्रद्धालुओं को कार्तिक कथा का अमृत पान करवाते हुए फरमाया कि कार्तिक माह में दान कर्म करना सबसे बड़ा पूण्य कर्म है। इस अवसर पर श्रद्धालु जयवीर सिंह, सुखपाल, मोहित, विशाल, गुरदीप, सुरेश, कमल व अवनीश आदि मौजूद रहे।



भाषण स्पर्धा में हर्षिका ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

यमुनानगर। जिला बाल कल्याण परिषद के तत्वावधान में उपायुक्त प्रीति के मार्ग दर्शन में परिषद भवन में चल रहे बाल महोत्सव में छठे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिला बाल कल्याण अधिकारी सुखमिन्दर सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में हर्षिका ने प्रथम, खुशबू ने द्वितीय और संजय शर्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया। स्केचिंग ऑन द स्पॉट प्रतियोगिता में अंशिका प्रथम, गीतिका द्वितीय और मनन शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अंकुश ने पहला, अनुष्का ने दूसरा और प्राची ने तीसरा स्थान हासिल किया। एकल गायन में भूमि शर्मा ने प्रथम, अरमीना ने द्वितीय और मंजीत सिंह ने तृतीय स्थान हासिल किया। एकल नृत्य में चारवी ने पहला, मुन्नी ने दूसरा और सराबजोत ने तीसरा स्थान हासिल किया। एकल शास्त्रीय नृत्य में मुन्नी प्रथम, चारवी द्वितीय और रिद्धिमा तृतीय स्थान पर रही। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मन्दिर जगाधरी की टीम ने पहला, इंडियन पब्लिक स्कूल जगाधरी की टीम ने दूसरा और सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शुगर मिल की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। मेंहदी रचाओ प्रतियोगिता में पूर्वी ने पहला, हरि ने दूसरा और पल्लवी ने तीसरा स्थान हासिल किया। मौके पर विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षाविद एवं पर्यावरण मित्र गोबिंद सिंह भाटिया ,कर्मवीर, संजीव ओझा, नवीन कुमार, अंकित पांडे, संजीव बर्मन, सोहन सिंह, सीता, अनीता व बबीता आदि मौजूद रहे।



खेल महोत्सव में प्रतिभागियों को मिलेगा उत्कृष्ट मंच

रादौर। सांसद खेल महोत्सव 2.0 के सफल आयोजन और तैयारियों को लेकर रादौर में खेल प्रशिक्षकों व संबंधित अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रादौर विधानसभा क्षेत्र के खेल प्रशिक्षकों (कोच)शामिल हुए। इस दौरान सांसद नवीन जिंदल के संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह मुख्य रुप से मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि बैठक में खेल गतिविधियों के सुचारू संचालन, मैदानों की व्यवस्था और स्थानीय खिलाड़ियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर हल्का प्रभारी सोनी कुमार, राजेंद्र राजपूत व अमित राणा आदि मौजूद रहे।



तकनीकी स्पर्धा से बढ़ता है विद्यार्थियों का कौशल

रादौर। जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने ग्रेटर नोयडा के आईटीएस इंजीनियरिंग कॉलेज में गत दिवस आयोजित तकनीकी प्रतियोगिता टेक्ट्रिक्स-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में संस्थान के विद्यार्थियों ने दो अलग अलग श्रेणियों में शानदार उपलब्धियां हासिल की। प्रतियोगिता में कुल 181 टीमों ने भाग लिया। विजेता विद्यार्थियों को संस्थान में पहुंचने पर सम्मानित किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में उनके कालेज के विद्यार्थियों ने प्रोजेक्ट प्रदर्शनी श्रेणी में आयुष, अनमोल व खुशी की टीम ने मिलिट्री सर्विलांस ड्रोन प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रोबो रेस प्रतियोगिता में हिमांशी, तन्वी व ईतेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान हासिल किया। दोनों टीमों का मार्गदर्शन एवं समन्वय डॉ. नेहा चाचरा ने किया। संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की तकनीकी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में नवाचार, अनुसंधान, समस्या समाधान और व्यावहारिक कौशल को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति रहें सचेत

यमुनानगर। बदलता मौसम स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। इससे लोगों को सावधान रहने की जरुरत है। उक्त जानकारी वीरवार को शहर के कैंप में जनसेवा समिति द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में मुख्यातिथि डॉ. रामपाल ने दी। शिविर में 170 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। डॉ. रामपाल ने कहा कि सर्दी का मौसम शुरू होते ही बच्चों व बड़ों को नजला, वायरल, बुखार व खांसी आदि बीमारियों की शिकायत होना स्वाभाविक है। डॉ. सतीश ने बताया कि यदि बदलते मौसम में व्यक्ति स्वास्थ्य के प्रति सचेत न रहे तो उसको काफी दिक्कतों का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। इस दौरान रोगाणुओं से लड़ने की क्षमता काफी कम हो जाती है। उन्होंने बताया कि बच्चों व बुजुर्गों को ऐसे में किसी भी प्रकार का कोई समझौता नहीं करना चाहिए, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना चाहिए।

निःशुल्क शिविर में 150 मरीजों के आंखों की जांच

यमुनानगर। जनसेवा कल्याण संघ के तत्वावधान में वीरवार को शहर के आजाद नगर में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 150 मरीजों के नेत्रों के जांच की और उन्हें निशुल्क दवाईयां व चश्में वितरित किए। शिविर का शुभारंभ मंच के प्रदेश अध्यक्ष रोहित वर्मा ने किया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने करीब 150 मरीजों की जांच कर उन्हें संस्थान की ओर से निःशुल्क दवाइयां व चश्मे वितरित किए । मौके पर मंच के प्रदेशाध्यक्ष रोहित वर्मा ने बताया कि मानव के लिए नेत्र महत्वपूर्ण अंग है। मनुष्य को समय-समय पर अपनी आंखों की जांच करवाते रहना चाहिए। क्योंकि इस सुंदर संसार को देखने का सौभाग्य हमें नेत्रों द्वारा ही प्राप्त होता है। मौके पर संस्थान के सोम पाल, रमेश, गोपाल, रोहन व सुरेश आदि मौजूद थे।

खबर संक्षेप

ध्यान का शिखर है समाधि : औलिया

कुरुक्षेत्र। समर्थगुरु धारा हिमाचल प्रदेश के स्टेट कोऑर्डिनेटर आचार्य कुंजबिहारी ने बताया कि समर्थगुरु



धारा के अनुभवी आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बहुत ही प्रभावशाली एवं मनमोहक ढंग से सभी साधकों को, कीर्तन के गहरे सूत्र बताते हुए कीर्तन ध्यान का प्रयोग करवाया। कीर्तन में ईश्वर का स्मरण हो। ध्यान से मन की सजगता होती है। दैनिक जीवन में धर्म का आचरण हो। हिमाचल एवं भारत देश की सभी जगहों से मित्रों ने ध्यान एवं सत्संग का आनंद लिया।

विदेशों में हिंदी भाषा का प्रचार पर व्याख्यान आज

थानेसर। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में हिंदी विभाग की ओर से साहित्यिक क्लब के अंतर्गत विदेशों में हिंदी भाषा का प्रचार एवं प्रसार विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन 30 अक्टूबर, 2026 को किया जाएगा। हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि कार्यक्रम में हिंदी संस्थान, श्रीलंका की संस्थापक निदेशक सुश्री अतिला कोतलावाला मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को संबोधित करेंगी। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि यह व्याख्यान प्रातः 10.30 बजे हिंदी विभाग के डॉ. गणपति चन्द्र गुप्त संगोष्ठी कक्ष में आयोजित होगा।

दिनभर निर्जला व्रत रखकर महिलाओं ने चौथ माता और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की

चांद का दीदार कर खोला व्रत, पतियों ने दिए उपहार

हरिभूमि न्यूज ⏭| कुरुक्षेत्र

अखंड सौभाग्य और पति की दीर्घायु का प्रतीक करवाचौथ का पर्व वीरवार को जिलेभर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने दिनभर निर्जला व्रत रखकर पति की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। रात को चांद निकलने पर महिलाओं ने छलनी से चंद्रमा के दर्शन किए और अर्घ्य देकर पति का दीदार किया। इसके बाद पतियों के हाथों जल ग्रहण कर व्रत खोला। व्रत को लेकर महिलाओं में सुबह से ही उत्साह देखने को मिला। दिनभर निराहार रहने के बाद शाम को महिलाओं ने सोलह श्रृंगार किया और घरों, गलियों व कॉलोनियों में एकत्र होकर करवाचौथ की कथा सुनी। महिलाओं ने करवे में गेहूं भरकर उसके ढक्कन पर मिठाई और दक्षिणा रखी तथा भगवान गणेश और चौथ माता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पूजा के दौरान उन्होंने अपने सुहाग की लंबी आयु और परिवार में सुख-शांति की कामना की। चांद निकलने से पहले महिलाएं बेसब्री से उसके दीदार का इंतजार करती नजर आईं। चंद्रमा दिखाई देते ही महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा की और पति के हाथों व्रत खोला। नवविवाहिताओं में अपने पहले करवाचौथ को लेकर विशेष उत्साह रहा। जिन महिलाओं के पति नौकरी या अन्य कारणों से उनसे दूर थे, उन्होंने वीडियो कॉल के माध्यम से पति का दीदार किया और परंपरा के अनुसार व्रत खोला। पतियों ने भी कई जगह अपनी पत्नियों को उपहार भेंट किए। श्री दुर्गा देवी मंदिर के पीठाधीश पंडित सुरेश मिश्रा ने बताया कि करवाचौथ सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखने वाला पर्व है। करवाचौथ के अवसर पर कुरुक्षेत्र के बाजारों में भी रौनक देखने को मिली। महिलाओं ने पर्व से जुड़ी खरीदारी की और मेहंदी लगवाई।

बाजारों में रही चहल-पहल, नवविवाहिताओं में पहले करवाचौथ को लेकर दिखा खास उत्साह



कुरुक्षेत्र। करवाचौथ की कथा सुनती महिलाएं।

करवा चौथ पर मां भद्रकाली के पावन सिंदूर से सजाई मांग



कुरुक्षेत्र। धर्मनगरी कुरुक्षेत्र स्थित हरियाणा के एकमात्र प्राचीन शक्तिपीठ श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर में वीरवार को करवा चौथ पर्व श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। सुहाग, प्रेम, विश्वास और दांपत्य सुख के प्रतीक इस पर्व पर सैकड़ों सुहागिन महिलाएं सोलह श्रृंगार कर मां भद्रकाली के दरबार में पहुंचीं। महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु, परिवार की सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना की। मंदिर परिसर में दिनभर धार्मिक माहौल बना रहा और मां भद्रकाली के जयकारे गूंजते रहे। मंदिर की मुख्य पुजारिन शिमला देवी ने कहा कि करवा चौथ सुहागिन महिलाओं की आस्था और भावनाओं से जुड़ा विशेष पर्व है। इस दिन महिलाएं पति की लंबी आयु और सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना के साथ व्रत रखती हैं। वहीं, पीठाध्यक्ष पं. सतपाल शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि करवा चौथ पति-पत्नी के अटूट प्रेम, आपसी विश्वास, समर्पण और त्याग का प्रतीक है। पारिवारिक रिश्तों की मजबूती प्रेम, सम्मान और एक-दूसरे के प्रति जिम्मेदारी निभाने से आती है। ऐसे पर्व भारतीय संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों को पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

पूर्व मंत्री सुभाष सुधा के परिवार ने मनाया करवा चौथ त्योहार

कुरुक्षेत्र। करवा चौथ के पावन अवसर पर हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री सुभाष सुधा के आवास पर परिवार



द्वारा करवा चौथ का त्योहार श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुभाष सुधा ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती उमा सुधा एवं पुत्रवधू श्रीमती सुगंधा सुधा के साथ करवा चौथ पर्व की खुशियां साझा कीं। परिवार के सदस्यों ने एक-दूसरे को करवा चौथ की शुभकामनाएं दीं और परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

त्योहार पर मौसम ने बदला मिजाज, दिनभर रुक-रुक कर बुदाबांदी



कुरुक्षेत्र। करवा चौथ पर्व पर वीरवार को मौसम का मिजाज बदला-बदला रहा। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और दिनभर रुक-रुककर बूंदाबांदी होती रही। इसके चलते तापमान में गिरावट आई और मौसम में ठंडक बढ़ गई। बादल छाए रहने और धूप नहीं निकलने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं, मौसम में आए बदलाव का असर शहर की दिनचर्या पर भी देखने को मिला। वीरवार को जिले में अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिनभर आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रही। बीच-बीच में हुई बूंदाबांदी से मौसम सुहावना हो गया। शाम होते-होते ठंडक का अहसास और बढ़ गया। मौसम में आए इस बदलाव के चलते लोगों को गर्म कपड़ों की जरूरत भी महसूस होने लगी। उधर, करवा चौथ का व्रत रखने वाली महिलाओं की नजरें शाम को चांद निकलने पर टिकी रहीं। दिनभर बादल छाए रहने के कारण महिलाओं को चांद के दीदार को लेकर चिंता बनी रही। सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी आयु और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के साथ व्रत रखा। शाम को पूजा-अर्चना के बाद महिलाओं ने चंद्रदेव के दर्शन कर व्रत खोलने की तैयारी की। मौसम में बदलाव और तापमान में गिरावट के चलते अब सुबह और शाम के समय ठंडक बढ़ने लगी है। लोगों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट के साथ मौसम में सर्दी का असर बढ़ेगा।

1 को होने वाली महारैली को लेकर बनाई रणनीति

- बैठक में कांग्रेस ओबीसी सैल के जिला प्रधान सुरेंद्र सैनी ने पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र में कांग्रेस ओबीसी सैल की बैठक जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की गतिविधियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से 1 नवंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाली वोट बचाओ देश बचाओ महारैली को लेकररणनीति तैयार की गई और अधिक से अधिक कार्यकताओं व लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सैनी ने कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों एवं साथियों को वोट बचाओ देश बचाओ महारैली की तैयारियों के संबंध में अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी। इस मौके पर सोहन नागपाल पूर्व सरपंच बलवंत सैनी, पूर्व सरपंच, विजय मलिक, जय करण सैनी, ज्ञान सैन, विजय कश्यप, मनीष सैनी, पवन सैनी, राजकुमार सैनी, राजपाल व भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सुरेंद्र सैनी ने सभी पदाधिकारियों से अपने-अपने स्तर पर कार्यकर्ताओं और लोगों से संपर्क करने तथा महारैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने संगठन के साथियों से आपसी तालमेल के साथ कार्य करने और महारैली को सफल बनाने के लिए पूरी सक्रियता से जुटने की अपील की।

अतिथि अध्यापकों के नियमितीकरण पर जारी स्पीकिंग ऑर्डर का विरोध करेगा संघ

कुरुक्षेत्र। राजकीय अनुबंधित अध्यापक संघ संबंधित सर्व कर्मचारी संघ ने अतिथि अध्यापकों के नियमितीकरण को लेकर शिक्षा विभाग की ओर से जारी स्पीकिंग ऑर्डर पर सवाल उठाए हैं। संघ के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि पंजाब एवं



हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश के बाद जारी स्पीकिंग ऑर्डर में ऐसी शर्तों का उल्लेख किया गया है, जिनका तीन साल की नियमितीकरण नीति में प्रावधान नहीं है। संघ ने इस कार्रवाई का विरोध करने और प्रदेशभर में सरकार के खिलाफ अभियान चलाने की चेतावनी दी है। संघ के राज्य प्रधान दिनेश यादव, महिला विंग की राज्य प्रधान पूनम कुमारी, राज्य वरिष्ठ उपप्रधान मुकेश रानी, राज्य उपप्रधान मंजीत कौर और राज्य सचिव रेखा रानी ने कहा कि अतिथि अध्यापकों की भर्ती हरियाणा सरकार के शिक्षा विभाग के तत्कालीन वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव के 29 नवंबर 2005 और 16 दिसंबर 2005 के आदेशों के तहत की गई थी। संघ नेताओं का दावा है कि अतिथि अध्यापक इन शर्तों को पूरा करते हैं। संघ ने 1 नवंबर को गुरुग्राम में बड़ी रैली आयोजित करने का ऐलान किया है।

बाजार में नाका लगाए पर दुकानदारों में रोष

- पुलिस प्रशासन और व्यापारियों के बीच बैठक में चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭| कुरुक्षेत्र



धनतेरस और दिवाली के त्योहारों के मद्देनजर शहर के बाजारों में जाम और अतिक्रमण की समस्या से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन और व्यापारियों के बीच अहम बैठक हुई। बैठक में बाजारों में यातायात व्यवस्था सुचारू रखने, दुकानों के बाहर सामान रखने से होने वाले अतिक्रमण और पुलिस की ओर से लगाए गए नाकों को लेकर चर्चा की गई। बातचीत के बाद नाका लगाने के मुद्दे पर भी समाधान निकाला गया। गौरतलब है कि दो दिन पहले पुलिस प्रशासन की ओर से अहलूवालिया चौक और फाटक के पास नाका लगाया गया था। इसे लेकर व्यापारियों में नाराजगी थी। व्यापारियों का कहना था कि नाका लगने से ग्राहकों को बाजार में आने-जाने में परेशानी हो रही है, जिसका असर कारोबार पर भी पड़ रहा है। इसी मुद्दे पर ट्रैफिक एसएचओ रामकरण और कृष्णा गेट थाना एसएचओ नरेश राठी के साथ व्यापारियों ने बैठक कर अपनी समस्याएं रखीं। बैठक में त्योहारों के दौरान बाजारों में बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने और व्यापारियों की परेशानियों का समाधान करने पर विचार-विमर्श किया गया।

युवा कांग्रेस की मासिक बैठक आयोजित, 1 को दिल्ली महारैली को लेकर बनाई रणनीति

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र में युवा कांग्रेस की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष कुलदीप ढिल्लों हथौरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की गतिविधियों को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान मुख्य रूप से 1 नवंबर को दिल्ली



में आयोजित होने वाली महारैली को लेकर रणनीति तैयार की गई और अधिक से अधिक कार्यकताओं व लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष कुलदीप ढिल्लों हथौरा ने युवा कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों एवं साथियों को महारैली की तैयारियों के संबंध में अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से अपने-अपने स्तर पर कार्यकताओं और लोगों से संपर्क करने तथा महारैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने संगठन के साथियों से आपसी तालमेल के साथ कार्य करने और महारैली को सफल बनाने के लिए पूरी सक्रियता से जुटने की अपील की। बैठक में दिल्ली में होने वाली महारैली में युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया गया। युवा कांग्रेस की इस बैठक को आगामी महारैली की तैयारियों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

जग ज्योति दरबार की धर्म रक्षा राष्ट्र रक्षा यात्रा पहुंचने पर जोरदार स्वागत

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के अभी 9 विधानसभा क्षेत्रों में सनातन धर्म की रक्षा एवं सनातन संस्कृति से बच्चों व युवाओं को अवगत करवाने के लिए जग ज्योति दरबार के महंत राजेंद्र पुरी धर्म रक्षा राष्ट्र रक्षा यात्रा निकाल रहे हैं। यात्रा



इस्माईलाबाद, पिहोवा, भागल, गुल्हा चीका, कैथल, कलायत, ढांड, पूंडरी होती हुई वीरवार को धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में पहुंची। कुरुक्षेत्र के अवधूत आश्रम में ढोल-नगाड़ों और पुष्प वर्षा के साथ महंत राजेंद्र पुरी एवं यात्रा में शामिल अन्य संतों व लोगों का स्वागत किया गया। अवधूत आश्रम में महंत राजेंद्र पुरी व यात्रा में शामिल लोगों का स्वामी परमहंस ज्ञानेश्वर, स्वामी सुनील दास, स्वामी स्नेह दास, के.के. मिश्रा इत्यादि ने स्वागत किया। इस के बाद महंत राजेंद्र पुरी की धर्म रक्षा राष्ट्र रक्षा यात्रा स्थानेश्वर महादेव मंदिर, उदासीन बड़ा अखाड़ा, श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर से होती हुई मोहन नगर चौक व पीपली में पहुंची। महंत राजेंद्र पुरी द्वारा सनातन संस्कृति के संवर्धन और राष्ट्र चेतना को जागृत करने के पावन उद्देश्य से आरंभ की गई धर्म रक्षा राष्ट्र रक्षा यात्रा पूरे अपार जनसैलाब और सनातन धर्म के जयकारों के साथ आगे बढ़ रही है। जिसका कुरुक्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अनेक धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों तथा स्थानीय नागरिकों द्वारा भव्य एवं जोरदार स्वागत किया गया।

बाहरी जिलों से आने वाले धान पर रोक लगाने के संबंध में लगाए बोर्ड : संत कुमार

लाडवा। कुरुक्षेत्र जिले की अनाज मंडियों में धान की अधिक आवक को देखते हुए अब दूसरे जिलों के किसानों की फसल की खरीद नहीं की जाएगी। बाहरी जिलों से आने वाले धान पर रोक लगाने के संबंध में मार्केट कमेटी की ओर से मंडियों में



बोर्ड लगाए गए हैं। इन बोर्डों के माध्यम से किसानों से अपील की गई है कि वे अपनी धान की फसल अपने ही जिले की अनाज मंडियों में बेचें। मार्केट कमेटी लाडवा के सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी संत कुमार सैनी की ओर से मंडी परिसर में लगाए गए बोर्ड पर स्पष्ट किया गया है कि कुरुक्षेत्र जिले में दूसरे जिलों की मंडियों से धान की आवक अधिक होने के कारण दूसरे जिलों के किसानों की फसल की खरीद नहीं होगी। किसानों से आग्रह किया गया है कि वे फसल लेकर मंडी पहुंचने से पहले इस निर्देश का ध्यान रखें और अपने जिले की मंडियों में ही धान बेचें। कमेटी के आंकड़ों के अनुसार लाडवा अनाज मंडी में अब तक 10 लाख 31 हजार क्विंटल धान की आवक हो चुकी है, जिसमें से 8 लाख 72 हजार क्विंटल धान का उठान किया जा चुका है। पिछले वर्ष इसी अवधि तक मंडी में 14 लाख 4 हजार क्विंटल धान पहुंचा था। आंकड़ों के अनुसार इस बार कुल धान की आवक पिछले वर्ष के मुकाबले कम है, जबकि इस सीजन में लाडवा मंडी में बारीक धान की आवक में बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

दिल्ली में होने वाली यह महारैली ऐतिहासिक साबित होगी: भगवंत विर्क

लाडवा। दिल्ली में 1 नवंबर को आयोजित होने वाली ह्यवोट बचाओ, देश बचाओह्न महारैली को सफल बनाने के लिए लाडवा में कांग्रेस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में लाडवा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भगवंत सिंह विर्क ने लाडवा खंड के कई गांवों का दौरा कर ग्रामीणों और पार्टी कार्यकताओं से संपर्क किया। उन्होंने लोगों को महारैली का न्योता देते हुए इसमें बढ़-चढकर भाग लेने की अपील भी की। भगवंत सिंह विर्क ने कहा कि 1 नवंबर को दिल्ली में होने वाली यह महारैली ऐतिहासिक साबित होगी। रैली को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं में भारी उत्साह और जोश देखने को मिल रहा है। कार्यकर्ता अपने-अपने वाहनों के माध्यम से दिल्ली पहुंचकर रैली को सफल बनाने में योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि लाडवा हलके से कांग्रेस के जिला



अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मेवा सिंह के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ता महारैली में भाग लेने के लिए दिल्ली रवाना होंगे। उन्होंने कहा कि गांवों में जनसंपर्क के दौरान कार्यकताओं में जिस प्रकार का उत्साह दिखाई दे रहा है उससे स्पष्ट है कि लाडवा से महारैली में बड़ी भागीदारी होगी। उन्होंने कांग्रेस कार्यकताओं से एकजुट होकर रैली को सफल बनाने और अधिक से अधिक लोगों को इसमें शामिल करने की अपील की।

संगठनात्मक मजबूती को लेकर अल्पसंख्यक मोर्चा लगातार सक्रियता

पिहोवा। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए हरियाणा के सभी जिलों में अपनी जिला कार्यकारिणियों का गठन कर दिया है। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अवनीत सिंह वड़ैच ने सभी जिलों में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की जानकारी देते हुए कहा कि संगठनात्मक मजबूती को लेकर अल्पसंख्यक मोर्चा लगातार सक्रियता के साथ काम कर रहा है। डॉ. अवनीत सिंह वड़ैच ने कहा कि पार्टी और संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से अल्पसंख्यक मोर्चा ने प्रदेश के सभी जिलों में अपनी कार्यकारिणी का गठन किया है। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही सरकार की नीतियों और पार्टी के विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि केंद्र और हरियाणा सरकार की ओर से समाज के विभिन्न वर्गों के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। मोर्चा का उद्देश्य केवल योजनाओं की जानकारी देना नहीं, बल्कि पात्र लोगों को इन योजनाओं का लाभ सही तरीके से और धरातल पर दिलाना भी है। इसके लिए कार्यकताओं को लोगों के बीच जाकर सरकारी योजनाओं की जानकारी देने, पात्र लाभार्थियों को जागरूक करने तथा उनकी समस्याओं को संबंधित स्तर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी निभानी होगी। डॉ. वड़ैच ने कहा कि अल्पसंख्यक मोर्चा संगठन विस्तार के साथ-साथ जनसंपर्क को भी प्राथमिकता देगा। कार्यकर्ता समाज के विभिन्न वर्गों के बीच जाकर भाजपा की नीतियों और सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाएंगे तथा संगठन को बूथ और मंडल स्तर तक और अधिक मजबूत करने का काम करेंगे।



डॉ. अवनीत सिंह वड़ैच।

कार्यक्रम | डाइट पलवल में चल रहा 30 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

योग से सशक्त बनकर शिक्षक स्वस्थ जीवन शैली का संदेश विद्यार्थियों तक पहुंचाएंगे : डॉ जयदीप

हरियाणा योग आयोग, शिक्षा विभाग एवं पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के संयुक्त तत्वावधान में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। डाइट पलवल में हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉ जयदीप आर्य व उनकी धर्मपत्नी को सम्मानित करते शिविर आयोजक।

हरियाणा योग आयोग, शिक्षा विभाग एवं पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के संयुक्त तत्वावधान में शारीरिक शिक्षकों के लिए 21 अक्टूबर से आयोजित 30 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर के आठवें दिन हरियाणा योग आयोग के कर्मठ एवं संकल्पित अध्यक्ष डॉ जयदीप आर्य का आगमन हुआ । इस शिविर में विभिन्न विद्यालयों के 80 से अधिक शारीरिक शिक्षक योग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं । शिविर के नोडल अधिकारी जय देव आर्य ने बताया कि प्रायोगिक सत्र में शिक्षकों को प्रतिदिन यौगिक सूक्ष्म क्रियाओं, सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योगासनों, प्राणायाम, बंध, मुद्राओं व ध्यान साधना का अभ्यास करवाया जा रहा है । साथ ही सैद्धांतिक सत्र में पतंजलि योग दर्शन - अष्टांग योग, यम और नियम, हठयोग प्रदीपिका, श्रीमद् भगवद गीता में योग दर्शन, एबीसी ऑफ योग इत्यादि का अध्ययन भी करवाया जा रहा है। उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए हरियाणा योग आयोग के माननीय अध्यक्ष डॉ जयदीप आर्य ने योग के साधक व बाधक तत्व तथा श्रीमद् भगवद गीता और योग विषयों पर शिविर प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि इस शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षक स्वयं योग से सशक्त बनकर स्वस्थ जीवन शैली का संदेश विद्यार्थियों तक पहुंचाएंगे जिससे विद्यार्थियों का शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक व आध्यात्मिक विकास होगा।

योग को अनिवार्य बनाने की योजनाओं पर विचार

उन्होंने कहा कि हरियाणा योग आयोग प्रदेश की विभिन्न योग संस्थाओं के सहयोग से योग को घर-घर पहुंचा कर पूरे प्रदेश के वातावरण को योगमय बनाने के लिए कृत संकल्प है। उन्होंने कहा कि आयोग प्रत्येक कक्षा के विद्यार्थी के लिए योग को अनिवार्य बनाने की योजनाओं पर विचार कर रहा है। युवा जब योग के प्रति आकर्षित होगा तो नशे के प्रति उसका आकर्षण स्वतः कम हो जायेगा । तभी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का योग युक्त नशा मुक्ति हरियाणा का सपना साकार होगा। उन्होंने इस प्रशिक्षण शिविर के आयोजन के लिए डाइट पलवल के अधिकारियों, सभी योग प्रशिक्षकों, व्यवस्थापकों व प्रतिभागियों का धन्यवाद किया। हरियाणा योग आयोग के अधिकृत प्रेस प्रवक्ता डॉ गुलशन कुमार ग्रोवर ने बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर दो सत्रों में आयोजित होगा। वर्तमान सत्र 4 नवंबर तक चलेगा । इसके पश्चात 15 दिन का दूसरा सत्र आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर हरियाणा योग आयोग के वरिष्ठ सदस्य डॉ मनीश कुकरेजा, डाइट पलवल इंचार्ज जसविंदर सिंह, नोडल अधिकारी जयदेव आर्य, राजेश कुमार एमटी, संदीप महावीर, योग विशेषज्ञ मनजीत दुल, हरियाणा योग आयोग की क्षेत्रीय समन्वयक डॉ खुशबू सिंह, अभिषेक बोदला, आयुष योग सहायक कर्मवीर व डिंपल इत्यादि उपस्थित रहे।



करवा चौथ पर योग के संग सेहत का संकल्प ले रहे दंपति

योग कक्षा में पति-पत्नी मिलकर दे रहे स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

करवा चौथ का पर्व पति-पत्नी के प्रेम, विश्वास,समर्पण और एक-दूसरे की खुशहाली की कामना का प्रतीक है। इस अवसर पर भारतीय योग संस्थान की प्रातःकालीन योग कक्षा से जुड़े कई दंपति नियमित योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली की प्रेरणादायक मिसाल पेश कर रहे हैं।स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेशआहलुवालिया धर्मशाला में प्रतिदिन सुबह 5 बजे से 6:15 बजे तक आयोजित इस योग कक्षा में महिलाएं और पुरुष नियमित रूप से पहुंचते हैं। इनमें कई पति-पत्नी एक साथ योगाभ्यास करते हुए दिन की शुरुआत सकारात्मक ऊर्जा के साथ करते हैं। नियमित योग, प्राणायाम और व्यायाम के माध्यम से ये साधक न केवल अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हैं, बल्कि दूसरों को भी स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं।



योग से जुड़ा प्रेम और विश्वास

इनमें मीनाक्षी वालिया सरकारी स्कूल में पीटीआई के पद पर कार्यरत हैं। वह स्वयं नियमित योगाभ्यास करने के साथ-साथ योग कक्षा में आने वाले अन्यसाधकों को वॉर्मअप एक्सरसाइज, विभिन्न योगासन और प्राणायाम भी करवाती हैं। उनके प्रयासों से योग साधकों को नियमित अभ्यास करने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा मिलती है। उनके पति अमित वालिया भी नियमित रूप से योग कक्षा में शामिल होते हैं। करवा चौथ के पावन अवसर पर इन दंपतियों की नियमित दिनचर्या यह संदेश देती है कि वैवाहिक जीवन में एक-दूसरे के प्रति प्रेम और समर्पण के साथ स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी महत्वपूर्ण है। पति-पत्नी यदि एक-दूसरे को योग, व्यायाम और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करें, तो परिवार में स्वस्थ और सुखद वातावरण का निर्माण हो सकता है। योग के माध्यम से स्वयं स्वस्थ रहना और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना ही स्वस्थ समाज की दिशा में एक सार्थक कदम है।

राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में केयू के विधि संस्थान के छात्र ने जीता बेस्ट एडवोकेसी अवार्ड

थानेसर। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर की मूट कोर्ट प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता 24 एवं 25 अक्टूबर, 2026 को टांटिया विश्वविद्यालय, श्रीगंगानगर, राजस्थान में आयोजित की गई, जिसमें 10 राज्यों की 46 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ के बी.ए. एलएल.बी. सातवें सेमेस्टर के छात्र सागर सिंह ने बेस्ट एडवोकेसी अवार्ड प्राप्त किया। उन्होंने अपनी विधिक प्रतिभा, तार्किक क्षमता तथा प्रभावशाली वकालत कौशल का परिचय देते हुए यह उपलब्धि हासिल की। टीम की अन्य सदस्य कनिका एवं साक्षी बी.ए. एलएल.बी. पांचवें सेमेस्टर की छात्राएँ हैं। तीनों विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेकर संस्थान को गौरवान्वित किया। संस्थान के निदेशक प्रो. अमित लूदरी ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों की टीमों के बीच बेस्ट एडवोकेसी अवार्ड प्राप्त करना विद्यार्थियों के परिश्रम, विधिक ज्ञान, प्रभावी प्रस्तुतीकरण और न्यायालयीन बहस की दक्षता का प्रमाण है।

त्योहारों से वीवीआईपी दौरों तक, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने के निर्देश

वीसी के जरिए पंचकूला और अंबाला रेंज के आईजी पंकज नैन ने चार जिलों के पुलिस अधिकारियों को किया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

त्यौहारी सीजन में आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने, बाजारों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आगामी महत्वपूर्ण कार्यक्रमों एवं वीवीआईपी दौरों के मद्देनजर पुलिस कमिश्नर पंचकूला एवं अंबाला रेंज के महानिरीक्षक आईपीएस पंकज नैन ने वीसी के माध्यम से रेंज के अंतर्गत तीन जिलों के पुलिस अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर और कुरुक्षेत्र जिलों के एसपी/डीसीपी, डीएसपी/एसीपी, थाना प्रभारी, चौकी इंचार्ज, क्राइम यूनिट्स के प्रभारियों और महत्वपूर्ण शाखाओं के प्रभारियों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने और आमजन को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए।

बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत के निर्देश

बैठक के दौरान पंचकूला पुलिस कमिश्नर व अंबाला रेंज के पुलिस महानिरीक्षक पंकज नैन ने सभी थाना प्रभारियों को स्वयं फील्ड में उतरकर काम करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों की मार्केट एसोसिएशनों, विशेष रूप से मिठाई व्यापारियों, वैध पटाखा विक्रेताओं, गिफ्ट शॉप मालिकों और ज्वेलर्स के साथ सीधा तालमेल स्थापित करें। बाजारों में पुलिस की दृश्यता बढ़ाई जाए ताकि व्यापारी और आम नागरिक खुद को पूरी तरह सुरक्षित महसूस कर सकें।



आईजी पंकज नैन।

मिलावटी मिठाइयों पर भी सख्ती के निर्देश

त्यौहारी सीजन के दौरान जनस्वास्थ्य और जनसुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता न करने की बात दोहराते हुए पुलिस कमिश्नर/पुलिस महानिरीक्षक ने अवैध पटाखा बिक्री, अवैध भंडारण और मिठाइयों में मिलावटखोरी पर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने मैदानी टीमों को निर्देश दिए कि वे लगातार गश्त करें और ऐसे असमाजिक या गैर-कानूनी कार्यों में संलिप्त लोगों के खिलाफ त्वरित व सख्त कार्रवाई अमल में लाएं। सभी जिलों में सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए बाहर से आने वाले व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। पुलिस टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि वे लगातार क्षेत्र के सभी होटलों, सरायों और पीजी आवासों की चेकिंग करें। वहां रुकने वाले प्रत्येक व्यक्ति का पहचान पत्र चेक किया जाएगा और पूर्ण सत्यापन सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अलावा, स्कूल और कॉलेजों के बाहर भी चेकिंग अभियान को बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

स्टंटबाजों पर बढ़ेगी सख्ती

बाजारों में बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए चोरों और स्नैचरों पर विशेष नजर रखी जाएगी। सड़कों व बाजारों में वाहनों पर हुड़दंग मचाने वालों, स्टंटबाजों, बुलेट से पटाखे फोड़ने वालों, बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों तथा ट्रिपल राइडिंग करने वालों के खिलाफ सख्त चालानी व कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस कमिश्नर के अनुसार ऐसे वाहनों पर लगाम लगाने से सड़क दुर्घटनाओं के साथ-साथ अपराधों पर भी रोक लगेगी। पुलिस कमिश्नर ने सख्त आदेश दिए कि फील्ड में पुलिस की मौजूदगी अधिक से अधिक नजर आनी चाहिए और उपलब्ध पुलिस बल का अधिकतम उपयोग किया जाए। रात्रिकालीन गश्त और सुरक्षा के दौरान सभी पुलिसकर्मियों के लिए रिफ्लेक्टर जैकेट और आवश्यक सुरक्षा उपकरणों से लैस होना अनिवार्य किया गया है। पूरी व्यवस्था की दैनिक आधार पर समीक्षा की जाएगी। आगामी 1 नवंबर को कुरुक्षेत्र में देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन और 31 अक्तूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पंचकूला में आयोजित होने वाली रन फॉर यूनिटी (जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी हरी झंडी दिखाएंगे) को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। वीवीआईपी दौरों के दौरान यातायात प्रबंधन से लेकर सुरक्षा के हर पहलू पर बारीकी से काम करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में डीसीपी पंचकूला आईपीएस अदिति सिंह, डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक पंचकूला आईपीएस अमरिंदर सिंह, कुरुक्षेत्र एसपी आईपीएस चंद्रमोहन, यमुनानगर एसपी आईपीएस कमलदीप गोयल, अंबाला एसपी आईपीएस अजीत सिंह शेखावत सहित चारों जिलों के सभी डीएसपी/एसीपी, थाना प्रभारी, चौकी इंचार्ज, क्राइम यूनिट्स के प्रभारी तथा अन्य महत्वपूर्ण शाखाओं के प्रमुख विशेष रूप से उपस्थित रहे।

धान चोरी का मामला, 7 से 8 कट्टे गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

अनाज मंडी में काम करने वाले एक आढ़ती ने शामली हाईवे पर रखे धान के कट्टे चोरी होने की शिकायत पुलिस को दी है। शिकायकर्ता का आरोप है कि पिछले तीन-चार दिनों से कोई व्यक्ति एक-एक करके धान से भरे कट्टे चोरी कर रहा था। अब तक उसके करीब 7 से 8 कट्टे चोरी हो चुके हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में गांव थंबड़ के प्रमोद कुमार ने बताया कि उसकी अनाज मंडी में चौहान ट्रेडिंग कंपनी के नाम से आढ़त की दुकान है। मंडी में जगह की कमी होने के कारण वह अपनी दुकान पर आने वाली धान की फसल को सुखाने के लिए शामली वाले हाईवे पर रखता है। धान की तुलाई करने के बाद उसे कट्टों में भरकर सड़क के बीच बने डिवाइडर पर स्टॉक करके रखा जाता है। कुछ कट्टों में धान भरकर उन्हें खुला भी रखा जाता है। पीड़ति के अनुसार, वह कई दिनों से समय-समय पर धान के कट्टों की गिनती करता आ रहा था। पिछले तीन-चार दिनों से उसके स्टॉक में से धान के कट्टे गायब हो रहे थे।

इस दौरान करीब 7 से 8 कट्टे चोरी होने का पता चला। 28 अक्तूबर को जब वह धान की तुलाई करवा रहा था, तभी उसने कुछ दूरी पर एक युवक को धान से भरा कट्टा उठाते हुए देखा। युवक ने करीब 37.50 किलोग्राम वजन का कट्टा सड़क से नीचे फेंक दिया। जब व्यापारी उसकी तरफ जाने लगा तो युवक दोबारा कट्टा अपने कंधे पर उठाकर गन्ने के खेत में घुस गया। जब युवक की तलाश की गई तो वहां मौजूद गांव अधोया के संजीव कुमार ने कथित तौर पर उसकी पहचान गांव अधोया के ही विशाल के रूप में बताई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्रीन पटाखों के लाइसेंस हेतु 4 नवंबर तक आवेदन

शहजादपुर। एसडीएम शिवजीत भारती ने बताया कि ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए अस्थायी लाइसेंस प्राप्त करने के इच्छुक आवेदक 4 नवंबर 2026 तक अपने आवेदन जमा करवा सकते हैं। इस संबंध में आवेदन प्रक्रिया के लिए आवश्यक दस्तावेजों की के अस्थायी लाइसेंस 6 से 8 नवंबर 2026 तक की अवधि के लिए है। उन्होंने बताया कि आवेदकों को निर्धारित आवेदन पत्र केसाथ पहचान पत्र की प्रति (आधार कार्ड, पैन कार्ड अथवा परिवार पहचान पत्र), 500 रुपये का चालान (हेड 0561- सीटीएम अंबाला), शपथ पत्र तथा पुलिस प्रमाण पत्र (पीसीसी) जमा करवाना होगा।

अंबाला में 30 नवंबर से समभाव-समदृष्टि की निःशुल्क पाठशाला होगी शुरू

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र। आज के दौर में भौतिक प्रगति के बावजूद मानसिक अशांति, भेदभाव, असंतोष और सामाजिक विषमताएं अनेक समस्याओं को जन्म दे रही हैं। ऐसे में समभाव, समरसता और सत्य-धर्म पर आधारित जीवनशैली का महत्व बढ़ जाता है। इसी उद्देश्य से सतयुग दर्शन ट्रस्ट की ओर से अंबाला में 30 नवंबर 2026 से समभाव-समदृष्टि की निःशुल्क पाठशाला शुरू की जा रही है। ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि इस पहल के माध्यम से लोगों को जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में संतुलन, समरसता, विवेकशीलता और सज्जनता अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। ट्रस्ट के प्रवक्ताओं के अनुसार, समभाव-समदृष्टि केवल आध्यात्मिक साधना का विषय नहीं है, बल्कि यह जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में संतुलित दृष्टिकोण विकसित करने वाली युक्ति है। इसके माध्यम से व्यक्ति में सभी के प्रति समान भाव रखने, भेदभाव से दूर रहने और मानवीय मूल्यों को अपनाने की भावना विकसित होती है। उन्होंने बताया कि समभाव की भावना मनुष्य को आत्ममंथन करने और अपने विचारों तथा व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करती है। जब व्यक्ति प्रत्येक जीव और जगत को समान दृष्टि से देखता है, तो उसके भीतर सहयोग, सद्भाव और परोपकार की भावना मजबूत होती है। इससे समाज में आपसी विश्वास और भाईचारे को बढ़ावा मिल सकता है। पाठशाला के माध्यम से लोगों को काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसे नकारात्मक भावों पर नियंत्रण रखने के महत्व से भी परिचित कराया जाएगा। ट्रस्ट के अनुसार, मन, वचन और कर्म में एकरूपता तथा सत्य-धर्म के मार्ग पर चलने से व्यक्ति के जीवन में संतोष और धैर्य जैसे गुण विकसित होते हैं। समभाव की दृष्टि अपनाने से सामाजिक भेदभाव कम करने और मानवीय संबंधों को बेहतर बनाने में भी सहायता मिल सकती है। ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य लोगों को आत्मचिंतन, विवेकपूर्ण आचरण और सकारात्मक जीवनदृष्टि के लिए प्रेरित करना है, ताकि वे अपने दैनिक जीवन में समरसता और सद्भाव को स्थान दे सकें।

फर्जी धान पंजीकरण मामले में त्वरित कार्रवाई, आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज: राहुल कनवरिया

पिहोवा। कराह साहिब खरीद केंद्र पर मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अन्य किसानों की भूमि एवं फसल का फर्जी पंजीकरण करवाकर धान बेचने के प्रयास के मामले में प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। उपायुक्त कुरुक्षेत्र विश्राम कुमार मीणा के निदेर्शानुसार मामले का संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों से रिकॉर्ड तलब कर जांच करवाई गई। तहसीलदार पिहोवा से पटवारी रिपोर्ट, कृषि विभाग से पोर्टल पंजीकरण का रिकॉर्ड तथा मार्केट कमेटी पिहोवा से गेट पास एवं खरीद संबंधी विवरण प्राप्त किया गया। एसडीएम डॉ. राहुल कनवरिया ने कहा कि जांच में सामने आया कि आरोपी गौरव कुमार निवासी गढ़ी लांगरी ने गांव शाहपुर एवं जुरासी कलां के पांच खसरा नंबरों की लगभग 4.94 एकड़ भूमि पर धान की फसल का पंजीकरण अपने नाम करवाया था। पटवारी रिपोर्ट के अनुसार संबंधित भूमि पर आरोपी का न तो मालिकाना हक है और न ही वह भूमि उसकी काश्त में है। इन खसरों पर धान की फसल अन्य किसानों की है, जबकि एक खसरा पंचायत भूमि का है। इसी पंजीकरण के आधार पर 10 अक्टूबर 2026 को कराह साहिब खरीद केंद्र पर एक आढ़ती फर्म के माध्यम से 87 क्विंटल धान का गेट पास कटवाया गया।

समाधान शिविर में सुनीं लोगों की समस्याएं

नारायणगढ़। उपमंडल में आयोजित समाधान शिविर में नायब तहसीलदार सुनील कुमार ने लोगों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों को शिकायतों की जांच कर नियमानुसार उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में बीपीएल राशन कार्ड कटने, विधवा पेंशन बनवाने तथा परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में आय और जन्मतिथि से संबंधित समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। गांव बड़ागांव की आरती देवी, गांव पंजलासा की जवंतरी देवी, गांव खानपुर लबाना के राजबीर तथा गांव नन्हेड़ा के दुर्योधन ने बीपीएल राशन कार्ड कटने की शिकायत रखते हुए अपनी समस्या के समाधान का अनुरोध किया।

मंडियों में धान की खरीद जारी

अंबाला। जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक जितेश गोयल ने बताया कि जिला में धान खरीद कार्यों से संबंधित सभी मंडियों में कार्य सुचारू रूप जारी हैं। सभी 15 मंडियों में लिफ्टिंग का कार्य भी बेहतर तरीके से किया जा रहा है। जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक ने जारी देते हुए बताया कि 28 अक्तूबर शाम 6 बजे तक जिला की मंडियों में धान की 443672.68 मिट्रिक टन आवक आ चुकी हैं। जिसमें से विभिन्न एजेंसियों द्वारा 418146 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। अब तक कुल 342758 मीट्रिक टन धान की लिफ्टिंग हो चुकी है। उन्होंने यह भी बताया कि खाद्य आपूर्ति विभाग एवं एजेंसियों द्वारा 287123 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है।

विशेष लोक अदालत 21 नवंबर को

अंबाला। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 21 नवंबर 2026 को जिला न्यायालय परिसर हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष लोक अदालत का उद्देश्य धारा 138 एनआई एक्ट से संबंधित लंबित मामलों का आपसी समझौते एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से त्वरित निपटारा करना है, जिससे पक्षकारों का समय एवं धन दोनों की बचत हो सके तथा न्यायिक प्रक्रिया को सरल एवं प्रभावी बनाया जा सके। प्राधिकरण द्वारा सभी संबंधित पक्षकारों, अधिवक्ताओं एवं आमजन से अपील की जाती है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस विशेष लोक अदालत का लाभ उठाएं।

पुलिस बैंड ने दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में जिला पुलिस करनाल ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता गतिविधियां आयोजित कीं। पुलिस अधीक्षक करनाल करन गोयल, आईपीएस के निर्देशानुसार और डीएसपी मुख्यालय संदीप सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस कॉम्प्लेक्स मधुबन से आई बैंड टीम ने मंगलसेन भवन, गांधी चौक, इंद्री चौक और सुपर मॉल में देशभक्ति की धुनें प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और आपसी भाईचारे का संदेश दिया गया। सिटी ट्रैफिक पुलिस के एसआई वेदपाल और एएसआई ब्रह्मपाल ने टीम सहित लोगों को यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। वहीं, एनडीपीएस जागरूकता टीम के एएसआई जगमाल और एएसआई



विजय ने नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने की अपील की। जिला पुलिस समन्वयक एएसआई अजय कुमार ने भी जागरूकता गतिविधियों में भाग लिया। इन प्रयासों का उद्देश्य नागरिकों में सामाजिक जिम्मेदारी और नशामुक्त समाज के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

लावारिस अवस्था में मिली नवजात बच्ची को उपचार के बाद भेजा शिशु गृह पंचकूला

- बाल कल्याण समिति कुरुक्षेत्र ने जेजे एक्ट के तहत लिया निर्णय, बच्ची की देखभाल एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

बाल कल्याण समिति कुरुक्षेत्र के चेयरमैन राजीव कुमार ने कहा कि 8 अक्टूबर 2026 को सिटी चौकी शाहबाद, थाना शाहबाद जिला कुरुक्षेत्र से सूचना प्राप्त हुई कि रवि कॉलोनी, पटाखा फैक्टरी, बराड़ा रोड, शाहबाद में



लगभग 5 से 7 दिन की एक नवजात बच्ची लावारिस अवस्था में मिली है। सूचना मिलने के बाद बच्ची को उपचार के लिए आदेश अस्पताल शाहबाद में भर्ती करवाया गया। चेयरमैन राजीव कुमार ने कहा कि आदेश अस्पताल शाहबाद से प्राप्त जानकारी के अनुसार नवजात बच्ची का समुचित उपचार किया गया और अब बच्ची पूर्ण रूप से स्वस्थ है। बच्ची के स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद उसकी उचित देखभाल, सुरक्षा और संरक्षण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बाल कल्याण समिति कुरुक्षेत्र द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की गई। बाल कल्याण समिति कुरुक्षेत्र ने किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम (जेजे एक्ट) के प्रावधानों के तहत नवजात बच्ची को शिशु गृह पंचकूला भेजने का निर्णय लिया ताकि बच्ची को सुरक्षित वातावरण में उचित देखभाल एवं संरक्षण मिल सके।

मरणोपरांत भी रोशन करेंगी आंखें, मेडिकल रिसर्च में काम आएगा पार्थिव शरीर

मरकर भी अमर हो गईं 93 वर्षीय बचनी देवी इन्सां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सेक्टर-30 निवासी 93 वर्षीय बचनी देवी इन्सां की मृत्यु के उपरांत उनकी आंखों व शरीर का दान किया गया है। बचनी देवी इन्सां की आंखें जहां मरणोपरांत भी इस खूबसूरत संसार को निहारती रहेंगी, वहीं उनका पार्थिव शरीर मेडिकल साइंस के भावी डॉक्टरों के शोध और अध्ययन के काम आएगा, जिससे भारत की मेडिकल रिसर्च को नई बुलंदियां मिल सकेंगी।

डेरा सच्चा सौदा की शिक्षाओं पर चलते हुए उनके परिजनों और डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने बचनी देवी इन्सां के देहावसान के पश्चात उनके नेत्रदान और देहदान की प्रक्रिया को सम्मान के साथ



कुरुक्षेत्र। नेत्रदानी व शरीरदानी बचनी देवी इन्सां को विदाई देते हुए।

पूरा करवाया। उनकी आंखों को अर्पणा आई बैंक मधुबन करनाल भेजा गया जबकि शरीर को पानीपत के इसराना स्थित एनसी मेडिकल कॉलेज में भेजा गया है। सैंकड़ों लोगों ने शरीरदानी व नेत्रदानी बचनी देवी इन्सां को नम आंखों से अंतिम विदाई दी। वे अपने पीछे डीसी कार्यालय से सेवानिवृत्त असिस्टेंट बेटे रोणकी राम तथा मुन्नी लाल, पुत्रियां राजवंती, बिमला देवी और बब्ली देवी, नगर निगम गुरुग्राम में पदस्थ पौत्र एसडीओ आशीष छाछिया तथा रविंद्र, पौत्रियां संस्कृत प्रवक्ता आशा रानी, केमिस्ट्री प्रवक्ता प्रीति, शिक्षिका रजनी, निशा, नीरू और निधि को छोड़ गई हैं। डेरा सच्चा सौदा के सच्चे नम्र सेवादार प्रवीण कड़ामी, जोगिंद्र सिंह व कृष्ण लाल ने कहा कि संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह की पावन प्रेरणा पर चलते हुए डेरा सच्चा सौदा के हजारों श्रद्धालु मरणोपरांत शरीरदान कर चुके हैं।

कुरुक्षेत्र में हीरक जयंती समारोह जुटेंगे 2000 प्रतिभागी

कुरुक्षेत्र। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि हरियाणा की विकास यात्रा, उपलब्धियों, सांस्कृतिक विरासत और प्रदेश की जनभागीदारी की भावना को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय (केयू) के ऑडिटोरियम में प्रदेश स्तरीय हीरक जयंती कार्यक्रम के लिए 2000 लोगों की सहभागिता का एक खाका तैयार किया गया है। इस प्रस्तावित व्यवस्था में समाज के विभिन्न वर्गों को प्रतिनिधित्व देने के साथ-साथ संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रतिभागियों के समन्वय और व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपने का प्रावधान किया गया है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि प्रस्तावित योजना के अनुसार, कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं युवाओं, महिलाओं, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, किसानों, सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों, खिलाड़ियों, पूर्व सैनिकों, उद्यमियों, प्रतिष्ठित नागरिकों, कलाकारों और स्वास्थ्यकर्मियों सहित विभिन्न वर्गों के लोगों को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। इसका उद्देश्य प्रदेश की प्रगति में विभिन्न वर्गों के योगदान और सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों की भागीदारी को सामने लाना है। विद्यार्थियों एवं युवाओं की श्रेणी में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), महाविद्यालयों, स्कूलों तथा एनएसएस और एनसीसी से जुड़े 400 प्रतिभागियों को शामिल करने का प्रस्ताव है। इस श्रेणी के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार तथा जिला शिक्षा अधिकारी और उच्चतर शिक्षा विभाग के नोडल अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005